दिनांक : 21.09.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- विदेशी निर्भरता सबसे बड़ी दुश्मन, आत्मनिर्भरता सबसे बड़ी दवा।
2- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिर कहा- अगले वर्ष मार्च तक देश से वामपंथी उग्रवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।
3- मुरैना स्थित देश की पहली 'सोलर-प्लस-स्टोरेज' परियोजना बनी मिसाल, मिली न्यूनतम प्रति यूनिट टैरिफ दर।
4- गुना के गुलाब प्रोजेक्ट को मिला स्कॉच अवार्ड 2025, प्रदेश के तीन और विभागों के नवाचार सम्मानित।

प्रधानमंत्री-आत्मनिर्भर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पर ज़ोर देते हुए कहा है कि भारत का सबसे बड़ा दुश्मन विदेशों पर उसकी निर्भरता है और देश को इससे बाहर निकलना होगा। उन्होंने सेमीकंडक्टर चिप्स से लेकर जहाज़ों तक सभी क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन के महत्व का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कल गुजरात के भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में कहा कि 140 करोड़ भारतीयों का भविष्य बाहरी ताकतों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता और न ही राष्ट्रीय विकास की प्रतिबद्धता विदेशों पर निर्भर हो सकती है। उन्होंने घोषणा की कि सैकडों समस्याओं का एक ही समाधान है: आत्मनिर्भर भारत का निर्माण। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा, बाहरी निर्भरता कम करनी होगी और सच्ची आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन करना होगा।

गृहमंत्री-पीवीटी चैनल साक्षात्कार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले साल मार्च तक देश से वामपंथी उग्रवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में, श्री शाह ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले एक दशक में पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों सहित तीन प्रमुख क्षेत्रों में हिंसक घटनाओं में 75 प्रतिशत की कमी आई है।

गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से भी कम समय में सरकार ने करीब 60 करोड़ लोगों को आवास, बिजली, शौचालय, पेयजल और 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है।

सौर ऊर्जा- उपलब्धि

मुरैना में सोलर प्लस-स्टोरेज परियोजना, देश की सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध करवाने वाली परियोजना बनी है। 'सोलर-प्लस-स्टोरेज' परियोजना में 2.70 रुपये प्रति यूनिट, अब तक की सबसे कम टैरिफ दर प्राप्त हुई है। यह देश की पहली परियोजना है, जिसमें 3 रुपये प्रति यूनिट से कम पर फर्म और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी उपलब्ध होगी। यह परियोजना 95 प्रतिशत वार्षिक उपलब्धता के साथ भारत की पहली 'सोलर-प्लस-स्टोरेज' परियोजना बन गई है। अब तक देशभर की परियोजनाओं में केवल 50% पीक ऑवर्स उपलब्धता और 85% वार्षिक उपलब्धता सुनिश्चित हो पाती थी। मुरैना परियोजना इस ट्रेंड को बदलते हुए पीएम ऑवर्स में 95% आपूर्ति के नए मानक स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार जन-कल्याण के लिए केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।

स्कॉच पुरस्कार-2025

राज्य शासन के विभिन्न विभागों के नवाचारों को देश के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड- 2025 से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर सम्मान पाने वाले सभी विभागों को बधाई देते हुए कहा कि नागरिकों का जीवन सरल और सुविधासम्पन्न बनाने के हमारे प्रयास अब धरातल पर फलीभूत हो रहे हैं। नई दिल्ली कल हुए कार्यक्रम में 'संपदा 2.0', आयुष विभाग को ई-मॉनिटरिंग सिस्टम एवं नागरिक सेवाओं के सशक्तिकरण के लिए स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वहीं राज्य कृषि विपणन बोर्ड के ई-मंडी एप को स्कॉच गोल्ड तथा एमपी फार्म गेट एप को स्कॉच सिल्वर अवार्ड दिया गया। गुना जिले को भी देश के सर्वोच्च नवाचार सम्मान "स्कॉच पुरस्कार-2025" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान गुना जिले के उद्यानिकी विभाग की अभिनव परियोजना "गुना–गुलाबों के नगर की ओर बढ़ते कदम : पॉलीहाउस के माध्यम से पुष्प क्रांति" को प्रदान किया गया।

सेवा पर्व-डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिक तंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज की विशेष श्रृंखला-सेवा पर्व में हम आपके लिए लेकर आए हैं कि मोदी सरकार ने किस तरह डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिक तंत्र को सशक्त किया और स्वास्थ्य देखभाल को अधिक सुगम और तर्कसंगत बनाया। पेश है एक रिपोर्ट..

सेवा पखवाड़ा

प्रदेश में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इंदौर जिले में 15 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की त्वरित पहचान के लिए 12 स्क्रीनिंग शिविरों का

आयोजन किया जायेगा। जिले में पहला शिविर 22 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में आयोजित होगा। उधर गुना में ''सेवा पखवाड़ा अंतर्गत'' कस्तूरबा महाविद्यालय में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। निवाड़ी जिले में पखवाड़ा में स्वास्थ्य शिविरों, स्वच्छता एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। खंडवा में शहरी अस्पतालों में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कल शिविर आयोजित किया गया, 455 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

एशिया कप-क्रिकेट

दुबई में एशिया कप टी-20 क्रिकेट के सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से शुरू होगा। कल रात सुपर फ़ोर के पहले मैच में, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के 169 रन के लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश ने एक गेंद शेष रहते छह विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

समाचार संक्षेप में-

1-सर्व पितृ मौक्ष अमावस्या के अवसर पर आज आगरमालवा समेत पूरे प्रदेश मे सोलह दिवसीय श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन तपर्ण विधिविधान से किये जा रहे हैं।

2- इंदौर जिले में सेवा पखवाड़े के तहत आज राजीव गांधी चौराहा से भंवरकुआ चौराहा तक "नमों मैराथन" का आयोजन जा रहा है। इसमे प्रथम आने वाले धावक को 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

3- शिवपुरी जिले में स्वरस्थ, नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत तनाव प्रबंधक कार्यशाला में प्रख्यात तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. ऋचा का व्याख्यान होगा।

4-जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कल खंडवा जामनी गुर्जर मुख्यमार्ग से कन्या शिक्षा परिसर तक 40 लाख की लागत के पहुंच मार्ग का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया।

5-भोपाल से अहमदाबाद के लिए आज से एक अतिरिक्त उड़ान की सुविधा यात्रियों को मिलने जा रही है।

6-बैतूल कलेक्टर ने कल शांति समिति की बैठक में कानून व्यवस्था का पालन करने समेत शांतिपूर्ण पर्व को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

-------